मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-124
07/03/2019

मुख्यमंत्री ने कंप्यूटर आधारित सिंचाई यंत्र एवं ड्रीप इरिगेशन पद्धति का किया अवलोकन

पटना, 07 मार्च 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समस्तीपुर जिले के हसनपुर प्रखंड स्थित नयानगर गांव में डिजिटल इरिगेशन ऑटोमेशन का उद्घाटन किया एवं कंप्यूटर आधारित सिंचाई यंत्र का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने यहां हो रही टेक्निकल फॉर्मिंग का भी मुआयना किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्री सुधांशु रंजन सिंह के लीची बगान का भी मुआयना किया। यहॉ उनके द्वारा ड्रीप इरिगेशन सिस्टम से की जा रही बागवानी की जानकारी ली। लीची के उत्पादन में किए जा रहे नए प्रयोगों के बारे में श्री सुधांशु रंजन ने मुख्यमंत्री को विस्तार से बताया।

पत्रकारों द्वारा ड्रीप इरिगेशन से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रीप इरिगेशन एवं इससे संबंधित अन्य कामों को बढ़ावा देने के लिए पहले से ही सब्सिडी दी जा रही है। हमलोग चाहते हैं कि लोग इसे अपनाएं। मुझे जब इसकी जानकारी मिली कि वे नए तकनीक का प्रयोग करते हुए अलग–अलग एरिया में काम कर रहे हैं, किस तरह के फर्टिलाइजर को मिलाकर ड्रीप के तौर पर सीधे फसलों तक पहुंचा रहे हैं। इनकी इच्छा थी और मेरी भी इच्छा थी कि यहां हम इसे देखने आएं। मुझको यहां आकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि दो सेंटर ऑफ एक्सिलेंस हैं, एक सब्जी के लिए नालंदा जिले के चंडी में एवं फल के लिए वैशाली जिले के देसरी में, यहां चीजों को प्रमोट करने के लिए कोशिशें की जाती हैं। उन्होंने कहा कि मैं देख रहा हूं कि ये खुद ही सब कुछ कर रहे हैं। मुझे खुशी है और इन्हें मेरी शुभकामनायें हैं कि इनकी खेती खुद सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बने। इसके उपरांत मुख्यमंत्री श्री सुधांशु रंजन सिंह के आवास पर भी गये।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, विधायक श्री राजकुमार राय, विधायक श्री राम बालक सिंह, विधायक श्री अशोक कुमार मुन्ना सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पांडेय, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरबरे, दरभंगा प्रमंडल के आई0जी0 श्री पंकज दराद, डी0आई0जी0 श्री छत्रनील सिंह, समस्तीपुर के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीमती हरप्रीत कौर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******